महोदय, तीसरी बात सख्त नियमों और धोखाधड़ी पर लगाम लगाने यानी आईआरडीए को ताकत देने के बारे में है । अक्सर मेरे पास लोग आते हैं और कहते हैं कि साहब एजेंट ने असत्य बोलकर पॉलिसी बेच दी, अब पैसे वापस नहीं मिल रहे हैं । यह बिल इस दर्द की दवा है । इस कानून के जरिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई को और ज्यादा ताकतवर बनाया जा रहा है । अब अगर कोई कंपनी या एजेंट गलत तरीके से पैसा कमाता है, तो नियामक संस्था न केवल उन पर जुर्माना लगाएगी, बल्कि वह पैसा वसूल करने और पीड़ितों को वापस दिलाने की शक्ति भी रखती है । यह कदम मन में डर पैदा करेगा और ग्राहकों का भरोसा जीतेगा। एलआईसी हमारे देश का गौरव है । हर भारतीय का भरोसा है । यह बिल एलआईसी को और ज्यादा आजादी देगा । अब एलआईसी को अपनी नई ब्रॉंच खोलने या नए काम करने के लिए बार-बार सरकार के पास फाइल्स नहीं भेजनी पड़ेंगी । इससे एलआईसी तेजी से अपने फैसले ले सकेगी और प्राइवेट कंपनियों से डटकर मुकाबला कर सकेगी ।

माननीय सभापति **:** कृपया आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **:** महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूँ । मैं एक सुझाव देना चाहता हूँ ।

माननीय सभापति **:** कृपया एक मिनट में कन्क्लूड कीजिए । आप सात मिनट ले चुके हैं ।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **:** महोदय, मेरा पहला सुझाव यह है कि भविष्य में हमें कंपनियों को कंपोजिट लाइसेंस देना चाहिए, क्योंकि आज अगर एक आदमी को जीवन बीमा करना है, तो उसे एक कंपनी के पास जाना पड़ता है, हेल्थ इंश्योरेन्स के लिए दूसरी कंपनी के पास और गाड़ी के बीमा के लिए तीसरी कंपनी के पास जाना पड़ता है । यह आम आदमी के लिए परेशानी का सबब है । इसलिए, मेरा सुझाव यह है कि भविष्य में हमें कंपनियों को कंपोजिट लाइसेंस देना चाहिए ।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि छोटी कंपनियों को मौका देना चाहिए । बीमा कंपनी खोलने के लिए बड़ी पूँजी यानी सौ करोड़ रुपये की जरूरत होती है । मेरा सुझाव यह है कि इस सीमा को कम किया जाए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अपना लास्ट सेंटेंस बोलकर कन्क्लूड कीजिए ।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **:** महोदय, मेरा तीसरा सुझाव यह है कि बीमा पॉलिसी के कागज़ इतनी कठिन अंग्रेजी और बारीक अक्षरों में होते हैं कि उसे वकील भी न समझ सके, इसलिए भाषा स्थानीय और सरल होनी चाहिए । ? (व्यवधान) डब्बे वाले डिलीवरी बॉयज़, ओला, उबर और काली-पीली टैक्सी चलाने वाले एवं घरों में काम करने वाली माताओं एवं बहनों की मुम्बई की भीड़ में अगर एक्सीडेंट हो जाए, तो उनके परिवार सड़क पर आ जाते हैं ।

मेरा सुझाव यह है कि इस बिल के तहत शहरी श्रमिक सुरक्षा कवच बनाया जाए, जिसमें बहुत कम प्रीमियम यानी शम्भर रुपये जैसी प्रीमियम रखेंगे, तो कामगारों को एक्सीडेंट और हेल्थ इंश्योरेंस मिल सकेगा । उनके लाइसेंस को रजिस्ट्रेशन के साथ लिंक कर दिया जाए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपकी बात पूरी हो गई, अब आप कृपया बैठ जाइए ।

SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on the Sabka Bima Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill, 2025. The motto of LIC is *"Yogakshemam Vahamyaham"*. This is the 22nd shloka of the 9th *Adhyaya* of the Bhagavad Gita referring to the merciful protection of the Lord.

अनन्याश्चिन्तयन्तोमांयेजनाःपर्युपासते

तेषांनित्याभियुक्तानांयोगक्षेमंवहाम्यहम् । ।

The central reason why LIC is in a position to say that it will take care of the well-being of the people is because it is under the control of the Government. The Government is elected by the people, and LIC is its subsidiary. And that is the reason why it provides such extensive protection.

We are witnessing that the privatisation of our economic sectors is taking place gradually. Roads, railways, banks-all have been privatised. Naturally, there is a fear amongst the general public about losing control over their economic decisions.

The major concern is that this critical financial power will slip out of the hands of the stakeholders. We are witnessing a situation where all major decisions will be taken by foreign stakeholders. Foreign stakeholders do not take care of the hard-earned money of our people, who have contributed a great deal to build LIC and other institutions. Now, for the sake of foreign capital, they are going to shrink and lose their say. There is a significant likelihood that the profits generated by the insurance sector will be repatriated abroad, leaving our country with little to no benefit from its growth in the coming years

Sir, the Government argues that this sector needs more capital for growth. As per existing norms, 74 per cent FDI is already allowed in our country; however, this has not been fully utilised so far. Considering the fact that even the existing available capital has not been utilised, this argument loses its validity. I would say that the proposed Bill leads to a total deviation from social responsibility and focuses merely on earning maximum profit.

Hon. Chairperson, Sir, private companies will never show any interest in providing security to rural people, the poor, daily wagers, labourers, petty shopkeepers, and small traders. I am not raising false alarms. I firmly believe that society will face a situation where there will be no insurance coverage in several sectors, as insurance companies withdraw from sectors which they consider unprofitable.

Under such a scenario, where there is no insurance coverage, what will be the fate of people during financial distress, accidents or health crises? No one can predict the horrible situations that may arise as outcomes of this Bill. There will be situations where people are forced to sell their houses and properties to save themselves from hard times. There is no doubt about this.

We must look at the experiences of people and their derived benefits in Government schemes. Ayushman Bharat might have helped the middle class to a certain extent. However, large sections of the poor are still facing great hardship. One must understand how private hospitals behave towards the poor. It is a known fact that they are not cooperative. They deny admission to patients, deny cashless treatment, offer only those procedures which are profitable, and try to exit many Government health schemes pointing to the chronic backlog of pending bills. As of today, pending payments under government health schemes amount to Rs. 1.21 lakh crore. Several major private hospitals have exited the Government health schemes citing this issue.

Sir, I wish to bring to the notice of the Government that a similar situation is being faced by our farmers under the Fasal Bima Yojana as well. The premium amount paid by farmers keeps rising, however, compensation for crop failures is decreasing every year.

Moreover, one must also consider examples from low and middle-income countries globally. In societies that are already suffering from inequality, the implementation of privatisation further exacerbates the level of inequality.

To this, the Union Government says that insurance regulators will take care of all such issues. Sir, who are these regulators? They are officers appointed by Government authorities. They are not elected by the people. They do not fear losing office, and there are possibilities that they may be well be easily influenced or pressurised.

Therefore, I would like to ask whether the Government can ensure the ability, performance and credibility of the regulators?

Sir, we have already been witnessing the recent condition of the civil aviation sector. The DGCA serves as the regulator expected to control the sector. However, we are all aware of the IndiGo episode and the manner in which it hindered the country's progress by stifling competition. Hundreds of flights were cancelled across the country. Based on all these experiences, we cannot place blind faith in regulators.

Sir, the Bill, in principle, contradicts the ideology of the Congress Party. In many ways, it is an anti-people legislation. Therefore, I oppose the Bill and conclude my speech.

श्रीमती कमलजीत सहरावत (पश्चिम दिल्ली) : सभापति महोदय, आज आपने मुझे भारत के भविष्य को मजबूत करने वाले बिल पर बोलने का मौका दिया है, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं । भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है । यह 140 करोड़ लोगों का देश है । बड़ी आबादी और असंगठित क्षेत्र है, जिसमें न स्थायी आय है और न ही सामाजिक सुरक्षा के कोई प्रावधान थे । वर्ष 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब देश के प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने सबसे पहले इसी सेक्टर की चिंता की थी ।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2015 में ?प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना? लागू की थी । इसमें गरीब और कमजोर वर्ग के लिए कम प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा योजना लागू की थी । मात्र 20 रुपये में 2,00,000 रुपये की बीमा राशि का प्रावधान किया गया था । दुर्घटना से मृत्यु या अपंगता होने पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने ?प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना? लागू की थी, जिसमें मात्र 20 रुपये से 2,00,000 रुपये की बीमा राशि का प्रावधान किया गया है ।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्रालय ने ?आदरणीय जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत? लागू की थी, जो विश्व की सबसे बड़ी हेल्थ मॉडल बनी है । वह ऐसी योजना लेकर आए हैं, जिसमें प्रति व्यक्ति 5,00,000 रुपये तक किसी भी अस्तपाल में जाकर अपना इलाज करा सकता है । उसमें 30,000 से अधिक अस्पताल रजिस्टर्ड हैं ।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों का भी ध्यान रखा है । वर्ष 2016 में ?प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना? लागू की थी, जिसमें फसल नुकसान के लिए आर्थिक सुरक्षा का प्रावधान किया गया है । अब तक इसमें हमारे देश के 22 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल चुका है । आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जब दिल्ली में आकर सत्ता संभाली थी, तो उस समय स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी ।

?कश्ती चलाने वालों ने जब हारकर दी पतवार हमें,

लहर-लहर तूफान मिले और मौज मझधार हमें,

फिर भी दिखलाया है हमने और ये दिखा देंगे सबको,

इन हालातों में भी आता है दरिया करना पार हमें ।?

आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा आज प्रस्तुत ?सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा विधि संशोधन) विधेयक, 2025? केवल एक आर्थिक सुधार नहीं है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से यह एक दूरदर्शी पहल है । बीमा किसी भी अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ होता है । भारत में आज भी बीमा कवरेज ग्लोबल एवरेज से बहुत है । आदरणीय वित्त मंत्री जी ने ये सभी आंकड़े हमारे सामने पेश किए हैं । यह विधेयक किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और निम्न वर्ग के लोगों तक बीमा की पहुंच को बढ़ाएगा और वित्तीय समावेशन को वास्तविक अर्थ देगा । भारत प्राकृतिक आपदाओं और स्वास्थ्य संगठनों के प्रति संवेदनशील देश है । बीमा व्यवस्था इस नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का एक साधन भी है, जिससे परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होगा और परिवारों की बचत भी सुरक्षित रहेगी ।

मोदी सरकार ने समय-समय पर इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई की सीमा बढ़ाई है, क्योंकि यह पूंजीगत क्षमता यानी कैपिटल इंटेसिव सेक्टर है । इस निर्णय से इस सेक्टर में पूंजी की कमी दूर होगी । इस बिल से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को बीमा कवरेज में लाभ मिलेगा ।, ज्यादा कंपनियां आने से बीमा पॉलिसी कंपिटीटिव रेट और सस्ती दर पर बीमा पॉलिसीज़ ऑफर करेंगी और क्लेम सेटलमेंट फास्ट होगा । एक्सपर्ट और स्किल बढ़ने से इंडिया ग्लोबल हब बनेगा, जिससे भारत में रोजगार की दृष्टि से भी गति बढ़ेगी । इंश्योरेंस सेक्टर लॉन्ग टर्म कैपिटल को इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्ट करेगा, जिससे भारत में हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोड और स्वच्छ ऊर्जा आदि में विकास होगा ।

वित्त मंत्री जी ने बिल के ड्राफ्ट में स्पष्ट किया है कि प्रबंधन और नियंत्रण भारत में ही रहेगा, प्रीमियम का निवेश भारत में ही होगा, आईआरडीएआई के सख्त नियम लागू होंगे और पॉलिसी होल्डर्स के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा । मुझे नहीं लगता कि इतने स्पष्ट बिल में इन प्रोविजन्स के बाद भी विपक्ष के कोई सवाल हैं । बिल में बिल्कुल स्पष्ट किया गया है कि बिल में पॉलिसी होल्डर्स की एजुकेशन और प्रोटेक्शन फंड का भी प्रोविजन किया जाएगा, जिससे कि सेफ्टी मेकैनिज्म के लिए पॉलिसी होल्डर्स को उनके अधिकार के प्रति शिक्षित किया जाएगा ।

वित्त मंत्री जी ने स्पष्ट किया है कि एलआईसी अब नए जोनल ऑफिसेज़ खोलेगी, जो इंडिपेंडेंट डिसीजन्स लेने के लिए स्वतंत्र होंगे । हालांकि, सरकार की रणनीतिक निगरानी उनके ऊपर हमेशा बनी रहेगी । सबसे बड़ा डर डेटा का है । आदरणीय वित्त मंत्री जी ने यह भी स्पष्ट किया है कि डेटा प्रोटेक्शन एंड पॉलिसी होल्डर्स के इंट्रेस्ट के सेफगार्ड का भी इस बिल में पूरी तरह से ध्यान रखा गया है । इस नए बीमा विधेयक से भारत एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा ।

आदरणीय सभापति जी, विपक्ष के लोग बार-बार सवाल उठा रहे हैं कि सरकार जल्दी में क्यों है? आपने मानसून्त्र में देखा कि पूरे एक महीने सत्र को चलने नहीं दिया गया और जिन विषयों पर इनके पास यहां पर जवाब देने के लिए कोई उत्तर नहीं था, इनको उठकर भागना पड़ा । मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी के बारे में बताना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री जी हर समय देश के लिए सोचते हैं और सरकार रात-दिन विकसित भारत के लिए काम कर रही है ।

HON. CHAIRPERSON : Now please conclude.

श्रीमती कमलजीत सहरावत **:** जी, महोदय । मैं प्रधान मंत्री जी के विषय में कहना चाहती हूं कि

?पाना चाहते हैं जो कुछ कल

उनकी जिंदगी में करने के लिए बस आज होता है,

लगा देते हैं जी-जान वो, लक्ष्य को पाने के लिए

उनकी इसी अदा में उनकी सफलता का राज होता है ।?

अंत में, मैं इसका समर्थन करते हुए कहना चाहती हूं कि यह बिल न केवल ?Insurance for All by 2047? का सपना साकार करेगा अपितु यह बिल भारत को आधुनिक समावेशी और सुरक्षित बीमा सेक्टर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है । आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा विकसित भारत की तरफ बढ़ने के लिए जो बिल आज पेश किया गया है, उस विकसित भारत की तरफ बढ़ने का आज सही समय है, यही समय है । इसलिए मैं विपक्ष के साथियों से यह भी कहना चाहती हूं कि

?किसी मोड़ पर घबराकर न थम जाइए आप

जो बात नई है अपनाइए आप,

डरते क्यों हैं नई राह पर चलने से

हम आगे-आगे चलते हैं साथ आइए आप ।?

इसके साथ ही मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत इस बिल का समर्थन करती हूं । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Thank you.

Shri D. M. Kathir Anand.

SHRI D. M. KATHIR ANAND (VELLORE): *Vanakkam*, Chairperson. Today, I am not merely opposing a Bill; I am opposing the sale of social security hrough legislation. The Bill may look technical but consequences are deeply ideological, deeply political, and deeply dangerous.

Sir, insurance deals with life, health, death, and dignity. That is why, our Constitution places social security within the framework of socialistic justice. Yet this Bill treats insurance as just another investment sector. Let me draw the attention of the House to Clause 7, which inserts Section 3(AA) into the Insurance Act. This single clause allows 100 per cent foreign ownership in Indian insurance companies. Let us be honest about what it means. It means foreign companies boards will decide Indian premiums. Foreign shareholders will decide Indian exclusions. Foreign capital?s exit will decide Indian insecurity. When profits fall, capital will exit, but people cannot exit sickness, death or old age. Our Periyar warned us some time back ? ?when capital rules society, humanity becomes collateral?.

Clause 7 makes Indian lives also collateral. This Bill names itself as Sabka Bima. If this Bill is truly Sabka Bima, why does Clause 27 rewrite Section 27 to prioritise investment flexibility over social obligations? Why does Clause 20 give IRDAI the

power to direct investments without Parliament's approval? This Bill does not guarantee coverage. This Bill guarantees capital freedom. This is not Sabka Bima; this is *?Sab Kuch Corporate Hai*?.

LIC is not just another insurer. It is a people's institution built with people's savings, but look at Chapter 3, especially Clauses 77 to 82 amending the LIC Act. These clauses say - strip LIC of its unique statutory character, force it to operate like a market-driven company, push it to unequal competition with multinational insurers. LIC insured farmers, women, rural families, when private insurers refused, and this Bill punishes LIC for being compassionate.

Kalaignar M. Karunanidhi once said, ?public institution exists to correct market injustice, not to surrender to it?. This Bill does exactly opposite of it.

Now, Hon. Chairperson Sir, through Clause 30 amending Section 34 and Clause 31 amending Section 34A, IRDAI is given sweeping powers to issue binding directions, order, disgorgement, control management and operations, but where is the check? Most of these powers are accessible through regulations, not Acts. Parliament is sidelined, democracy is bypassed, and power is concentrated in unelected hands.

Clause 17 is very important. Let us look at Clause 17. Inserting new Sections 14A, 14B and 14C, these provisions allow centralised processing of KYC documents, sharing of sensitive health and financial data, large-scale data pooling by insurers and intermediaries. At a time when India still struggles with data breaches, this Bill creates data power without data accountability. This is not a digital governance; it is a data colonisation.

Hon. Chairperson Sir, under Clauses 59, 61 and 63, penalties can go up to Rs.1 lakh per day, and Rs.10 crore maximum without clear statutory safeguards. This becomes regulations by fear, not regulations by fairness. Justice must be proportionate; power must be accountable.

Through Clause 69, inserting Sections 114B and 114C, the authority is empowered to issue subsidiary instructions. Let the House understand this very clearly. These instructions have binding force, are not debated here, can override intent through interpretation. This backdoor lawmaking, delegated legislation, is replacing democratic debates.

Insurance affects State health schemes.

HON. CHAIRPERSON: Now it is almost six. So, if the House agrees, we will extend the House till the Bill is passed.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. CHAIRPERSON: Okay, the House is extended till the Bill is passed.

18.00 hrs

SHRI D.M. KATHIR ANAND: We know very clearly insurance affects State health schemes, cooperative insurance societies, employment and welfare delivery. But not one clause mandates State consultations, federal consent, cooperative protection. This is missing in the Act.

This follows the same pattern we saw in GST, NEET and in Finance Commission. Sir, Tamil Nadu is administered but not consulted under this Act. Who bears the risk? The poor pay premium. The corporates collect the dividend. Private insurers cherry-pick the profits. LIC carries responsibility. This Bill rewards profit and penalizes compassion. Profit is protected and people are exposed in this.

Chairman Sir, Perarignar Anna once said that Government exists to protect the weak and not strengthen the strong. Kalaignar said, markets without morality destroy democracy. Clause by clause, this Bill strengthens the strong and abandons the weak.

Chairman Sir, this Bill tells the poor that your security depends on profitability. It tells States that your consent is unnecessary. It tells the Parliament that your role is ceremonial. And it tells corporations that India?s social security is open for business. We reject this message.

As a representative of Tamil Nadu, as a believer in Dravidian social justice, as a defender of constitutional socialism, I strongly oppose this Bill. I demand its withdrawal or at the very least, it must be referred to the concerned Standing Committee of Parliament for consideration. Social security is not for sale. People?s savings are not foreign capital. India will not become a corporate insurance colony. Thank you, Chairman Sir.

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** सभापति महोदय, धन्यवाद । आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विधेयक सबका बीमा, सबकी रक्षा पर बोलने का मौका दिया । आज हम अपनी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी की तरफ से इस विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए उपस्थित हुए हैं । विशेष रूप से हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी

का आभार व्यक्त करूंगी, जिन्होंने एक ऐसे कानून का निर्माण किया है जो आम आदमी की आय के अधिकार के हित में है । आम आदमी के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह यहां पर आया है । आम आदमी के जीवन का क्या मोल होता है, यह एनडीए की सरकार बहुत ही मजबूती से जानती है और उसको पुन: स्थापित करने का प्रयास करती है ।

सभापति महोदय, आश्चर्य की बात यह है कि जब-जब इस सदन में रक्षा और सुरक्षा की बात होती है, तो विपक्ष को एलर्जी होती है । जीएसटी, जिसमें आम आदमी की आय की रक्षा होती है, जब इसकी बात होती है, तब विपक्ष को एलर्जी होती है । अगर बिहार में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की बात होती है, उनकी आय की रक्षा की बात होती है, तब विपक्ष को एलर्जी होती है । अगर हम ऑपरेशन सिंदूर की बात करें, जिससे हम अपनी सीमा को सुरक्षित रखते हैं, जब सीमाओं की रक्षा की बात होती है, तब उनको एलर्जी होती है और अगर हम एसआइआर की बात करें, जो लोकतांत्रिक अधिकार को मजबूत करता है, उसकी बात होती है, तब भी विपक्ष को एलर्जी है । समझ में नहीं आता है कि इनको रक्षा से एलर्जी है, लोकतांत्रिक अधिकार से एलर्जी है या सुरक्षा से एलर्जी है? इनको सरकार से दिक्कत है, इनको आम आदमी से दिक्कत है या इनको किसी गरीब से दिक्कत है? जब भी गरीबों के हित की बात होती है, दलित, वंचित, शोषित वर्ग के हित की बात होती है, तब हमेशा ये कुछ न कुछ करके उसका विरोध करते हैं । सर, यह विधेयक पुन: स्थापित करता है कि सरकार जितनी गंभीर विकसित भारत, 2047 के लिए है, उतनी ही गंभीर सुरक्षा बीमा वर्ष 2047 तक हर एक इंसान तक पहुंचे उसके लिए भी है । जो हमारी सरकार की आधारशिला है, जो विचारधारा है, वह रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म है । इसके तहत बीमा के क्षेत्र में पिछले दस साल से जो भी सुधार हुए हैं उसको यह विधेयक और भी मजबूत करता है । इसके लिए मेरे पास कुछ आंकड़े हैं । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मार्च, 2025 तक 23 करोड़ लोग इसमें शामिल हो चुके हैं और 9 लाख से अधिक परिवारों को लगभग 18,102 करोड़ रूपये का क्लेम दिया गया है । अगर हम प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा याोजना की बात करें, तो इसमें लगभग 50 करोड़ नामांकन हुए हैं, जिसमें साढ़े तेईस करोड़ महिलाएं हैं । अगर हम अटल पेंशन योजना की बात करें तो इसमें लगभग 46 हजार करोड़ रुपये का फंड जमा हुआ है । इसमें जो 48 प्रतिशत महिलाएं हैं, उनको लाभ मिला है । यह पुनर्स्थापित करता है कि केन्द्र सरकार बीमा के माध्यम से सब की आय को सुरक्षित महसूस कराना चाहती है, सब के जीवन को सुरक्षित रखना चाहती है ।

महोदय, यह बिल सिर्फ एक घोषणा नहीं है, बल्कि इम्प्लिमेंटशन का एक रास्ता है । इस बिल के कुछ प्रावधान हैं, जिनको मैं एक बार फिर से दोहराना चाहूंगी । इसमें एफडीआई को 74 प्रतिशत से बढ़ा कर 100 परसेंट करने का प्रावधान है । जब एफडीआई को 74 प्रतिशत से बढ़ा कर 100 प्रतिशत किया जाएगा तो इसमें हमेशा कंपीटिशन बढ़ेगा । कंपीटिशन के तहत जो कीमतें हैं, वह गिरती हैं और कीमत गिरने पर सस्ते प्रीमियम पर बीमा का लाभ आम आदमी को मिल सकेगा । आम आदमी के हित में ही इस प्रावधान को रखा गया है ।

अगर हम विदेशी रि-इंश्योरेंस की बात करें तो आपदा के समय, जैसे बिहार में विदेशी रि-इंश्योरेंस की पूंजी को 5 हजार करोड़ रुपये से घटाकर 1 हजार करोड़ रुपये कर दिया है । आपदा के समय, जैसे बिहार में बाढ़ आती है, ऐसे में जो छोटी-छोटी बीमा कंपनियां हैं, वह डूबने लगती हैं । जब विदेशी कंपनियां आएंगी तो इसमें रिस्क बंट जाएगा । आपदा के समय किसान और आम आदमी का क्लेम नहीं घटेगा । एलआईसी को आजादी मिलेगी और इसमें आम आदमी को एलआईसी से बेहतर लाभ मिल पाएगा । क्लॉज 50 के बारे में मैं हाइलाइट करना चाहूंगी । क्लॉज 50 के तहत इस कानून की जो भाषा है, उसे जेंडर न्यूट्रल भी किया जा रहा है । स्त्री और पुरुष का जो भेद है, उसको कम किया जाएगा । सामाजिक न्याय को पुनर्स्थापित किया जाएगा ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्रीमती शांभवी **:** सर, मेरे बस दो सुझाव हैं । हम एक महिला सांसद हैं और बिहार की महिला सांसद हैं । मेरा बस यही सुझाव है कि बिहार में ?जीविका दीदी? का एक बहुत बड़ा समूह चलता है । अटल पेंशन योजना के तहत 48 प्रतिशत महिलाओं को बीमा का लाभ मिलता है । बिहार में ?जीविका दीदी? समूह का जो नेटवर्क है, उसका इस्तेमाल किया जाए । ग्रामीण क्षेत्र में जो महिलाएं हैं, उनको भी ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले । यह सुनिश्चित किया जाए ।? (व्यवधान) सर, जो क्लॉज 93 है, हमारा जो इंश्योरेंस पेनिट्रेशन है, वह ग्लोबल एवरेज से कम है । इंश्योरेंस पेनिट्रेशन 3.7 परसेंट है और ग्लोबल एवरेज 7 परसेंट है । इसको बढ़ाने के लिए क्लॉज 93 के तहत जागरूकता का जो प्लान है, स्थानीय भाषाएं जैसे मैथिली, भोजपुरी, अंगिका में जागरूक अभियान एजुकेशन फंड के तहत चलाया जाए । ? (व्यवधान) बहुत-बहुत धन्यवाद । जय हिंद, जय बिहार ।

श्री राजीव राय **(**घोसी**) :** महोदय, आपने मुझे सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक, 2025 पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।? (व्यवधान) आप ध्यान से सुनिये । मैं आप ही की बात कर रहा हूं ।

महोदय, मैं इस बिल पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं और जब एफडीआई को 100 परसेंट करने की बात हो रही है तो सचमुच मुझे वर्ष 2014 के तत्कालीन मुख्य मंत्री जी की बातें बहुत याद आती हैं । मुझे लग रहा है कि आपको भी जरूर याद होगा । एफडीआई के बारे में वे क्या बोला करते थे? उसकी जानकारी आपको भी होगी । आज एफडीआई को 26 परसेंट, 49 परसेंट, 75 परसेंट और 100 परसेंट कर दिया गया है । माननीय मुख्य मंत्री जी की बातें मुझे बहुत जगह याद आती हैं । पेट्रोलियम के दाम, रुपये, देश की सुरक्षा और पर-कैपिटा इनकम पर उनकी बातें याद आती हैं । हमारे वैचारिक मतभेद तो हो सकते हैं, लेकिन मुख्य मंत्री जी की बातें बहुत याद आती हैं । अब पता नहीं क्यों नहीं कर पाए, जाने कौन सी मजबूरी है, कोई यूं ही बेवफा तो नहीं होता, कुछ तो मजबूरियां रही होंगी । उनकी कोई मजबूरी होगी । इसमें 100 परसेंट एफडीआई की बात हो रही है और उसमें एक प्रावधान लगा दिया गया है कि उसका हैड एक इंडियन व्यक्ति होगा । यह खुश करने के लिए इसमें प्रावधान किया गया है । मुझे ईस्ट इंडिया कंपनी भी याद आती है । जब ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी तो वह कब्जा करती थी और एक राजा को बोलती थी कि तुम ही यहां के मुखिया हो । ईस्ट इंडिया कंपनी एक कानून से सरकार बन गई । यह विधेयक किसानों के खिलाफ है, गरीबों के खिलाफ है और छात्रों के खिलाफ है ।

मैं वित्त मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि कि क्या कभी आपने सर्वे किया है कि जो कृषि बीमा हुआ है, उसके प्रीमियम देने में किसानों को क्या-क्या भुगतना पड़ता है । नेता जी जब मुख्य मंत्री थे, तब उन्होंने एक कानून बनाया था कि यदि सांप के काटने से किसी गरीब किसान की मौत हो जाएगी, तो उसको भी पांच लाख रुपये मिलेंगे । आज हम जिस इलाके से आते हैं, कभी गर्मी के दिनों में बिजली के तार जलने से खेतों में आग लग जाती है, बाढ़ से छोटे-छोटे किसानों का नुकसान हो जाता है । एक किसान वे होते हैं, जिनके पास अपनी जमीन नहीं होती है । क्या आपके बीमा नीति में है कि उसकी अपनी जमीन होना चाहिए? इधर हमारे मित्र बैठे हैं, जिनका नाम लेना उचित नहीं होगा, उनका नाम सबको पता है । हमारे यहां बोलते हैं कि पोत पर खेत दिया गया है, यानी गरीब आता है, एक साल का पैसा दे देता है और उसकी खेती करवाता है । उसके नाम से जमीन नहीं होती है । अगर उसको कुछ हो जाता है, तो उसको तो कुछ नहीं मिलेगा । क्या आपको पता है कि वे कौन मजदूर होते हैं, जो ठेके पर मजदूरी करते हैं? वे ज्यादातर पीडीए समाज के होते हैं । इसीलिए पीडीए के खिलाफ यह एक सोची समझी साजिश है ।

यदि माननीय वित्त मंत्री जी ध्यान दें, तो मैं एक और चीज की तरफ उनका संज्ञान लाना चाहूंगा । गरीब छात्र होते हैं, पढ़ाई शुरू होती है, कोई आपदा आती है, कोई मुसीबत आती है, घर के मुखिया का देहांत हो जाता है, तो उस गरीब छात्र की पढ़ाई खत्म हो जाती है । उसके पास फीस जमा करने के लिए पैसा नहीं होता है । यदि आपको इंश्योरेंस करना है, तो उस सेक्टर में कीजिए कि जहां कोई गरीब है । गरीब मैं इसलिए कह रहा हूं कि वह पीडीए है । इसलिए मैं बार-बार कह रहा हूं कि यह पीडीए समाज के खिलाफ आपकी सोची-समझी साजिश है । आप उनके लिए कुछ नहीं करते हैं ।

चिकित्सा सबसे महत्वपूर्ण विषय होता है । आपने आयुष्मान कार्ड का पहले डंका बजाया । जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी, तब यदि किसी गरीब को किडनी या हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए 40 लाख रुपए की भी जरूरत होती थी, तो वह रकम उसको दी जाती थी । आज आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये से ऊपर का इलाज नहीं करा सकते । आज की महंगाई को देखिए कि पांच लाख रुपये में कौन-सा इलाज होता है? आयुष्मान कार्ड लिमिटेड होता है । यदि कोई भी व्यक्ति, जो किसी पद पर भी नहीं होता था, वह मुख्य मंत्री को लिख देता था, भाजपा के साथी सबसे ज्यादा लिखते थे, क्योंकि उनको कोई सुनता नहीं था । जितने पैसों के लिए लिखा जाता था, उतना पैसा आ जाता था । आज मुख्य मंत्री जी के यहां अगर पांच लाख रुपये के लिए लिखो, तो 50 हजार रुपया आता है । इसके उदाहरण मैं दे दूंगा ।? (व्यवधान) आपको भी झेलना पड़ रहा है । जब प्रधान मंत्री जी मुख्य मंत्री थे, तो कहते थे कि मैं प्रदेश का मुखिया हूं । मुझे पता है कि केंद्र सरकार किस तरह प्रदेशों को परेशान करती है । वह आज भी हो रहा है । अब चूंकि इनकी मजबूरी है, ये लोग कह नहीं पाएंगे, क्योंकि अधिकतर राज्यों में उनकी सरकार है । यह उसी तरह की मजबूरी है ।

माननीय सभापति **:** आप इधर एड्रेस कीजिए ।

श्री राजीव राय **:** सर, मैं आपको ही एड्रेस कर रहा हूं ।

HON. CHAIRPERSON : Do not give reply.

SHRI RAJEEV RAI : You are right, Sir. जैसे एफडीआई लिमिट को इसको 26 प्रतिशत से 49 प्रतिशत और 74 प्रतिशत किया गया, अब इसको 100 प्रतिशत किया जा रहा है । इसमें देश के स्वामित्व का कहीं बाहर या एलआईसी का पैसा मित्रों की कंपनियों में इन्वेस्ट कराएं, बाहर का पैसा लेकर यहां करवाएं । देश के लोगों का जो स्वास्थ्य से जुड़ा डेटा है, गरीबी से जुड़ा डेटा है, उसको विदेशी कंपनियों के हाथ में दे देना, this is also noteworthy that when FDI limit was raised from 49 per cent to 74 per cent in 2021 ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Rajeev Rai ji, please try to conclude.

श्री राजीव राय **:** सर, दो-तीन मिनट दे दीजिए । हम तो साथ में ही रहते हैं । सर, सच सुना नहीं जाता है, पर आप सुन लीजिए ।

माननीय सभापति **:** आप एक मिनट में कन्क्लूड कीजिए ।

श्री राजीव राय **:** सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो विधेयक लाया गया है, यह गरीबों के खिलाफ है । इसमें सामाजिक सुरक्षा की कोई बात नहीं की गई है । जिस विधेयक में सामाजिक सुरक्षा की बात न हो, खासतौर से किसानों के लिए, तो मैं चाहता हूं कि इसमें कुछ प्रावधान हों । पूर्वांचल के किसान पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा

और पंजाब की तरह किसान नहीं होते हैं । वे छोटे-छोटे किसान होते हैं । अगर सालभर में तीन बार उनकी खेती को नुकसान होता है, तो उन लोगों को भी, जो कॉन्ट्रैक्चुअल आते हैं, कॉन्ट्रैक्चुअल खेती करते हैं, उनको भी फायदा हो, गरीब किसानों की सुरक्षा हो, गरीब छात्रों की पढ़ाई न रुके, उसके लिए व्यवस्था हो । चिकित्सा के लिए चाहे जितना भी पैसा लगे, उस पैसे को देने की जिम्मेदारी सरकार ले । 100 प्रतिशत एफडीआई जहां होगा, समाजवादी पार्टी उसका विरोध करेगी । देश का पैसा देश के लिए होना चाहिए ।? (व्यवधान)

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : धन्यवाद सभापति महोदय कि बीमा विधि संशोधन विधेयक, 2025 पर आपने हमें भाग लेने का अवसर दिया । सभापति महोदय, सरकार इस विधेयक को सुधार, सरलीकरण और विस्तार के नाम पर प्रस्तुत कर रही है, लेकिन यदि हम इसके प्रावधानों को ध्यान से पढ़ें, तो यह स्पष्ट है कि यह विधेयक बीमा सुरक्षा का नहीं, बल्कि बीमा बाजारीकरण का दस्तावेज है ।

सभापति महोदय, इस विधेयक का सबसे गंभीर और दूरगामी प्रावधान चैप्टर - II, सेक्शन 7, जिसके माध्यम से नई धारा 3AA जोड़ी गई है । अब विदेशी निवेशक कंपनी किसी भारतीय बीमा कंपनी की चुकता इक्विटी पूंजी का सौ प्रतिशत तक हिस्सा रख सकते हैं, अर्थात् अब भारत के बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक विदेशी स्वामित्व होगा ।

महोदय, हम सरकार से जानना चाहते हैं, माननीय वित्त मंत्री महोदया जी से जानना चाहते हैं कि जब स्वामित्व पूरी तरह विदेशी होगा, जब बोर्ड, पूंजी और निर्णय प्रक्रिया विदेशी हाथों में होगी तो भारतीय नीति-धारकों के हितों की गारंटी कहां होगी? इस धारा में न भारतीय बहुमत बोर्ड की बाध्यता है, न निर्णयों में सार्वजनिक हित की कोई वैधानिक शर्त है, न ही संसद की कोई पूर्व स्वीकृति है । सरकार ने बीमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में राष्ट्रीय नियंत्रण का विचार ही त्याग दिया है । यह विधेयक रूल ऑफ लॉ से नोटिफिकेशन द्वारा शासन की ओर ले जाता है ।

महोदय, सेक्शन 21 के माध्यम से इस विधेयक ने सेक्शन्स 27A, 27B, 27C और 27D को पूरी तरह समाप्त कर दिया है । ये धाराएं निवेश, अनुशासन, नियंत्रित फंड्स, सुरक्षा सीमाओं से संबंधित थीं । इन धाराओं को हटाकर सरकार ने बीमा सुरक्षा की दीवारों को तोड़ दिया है ।

महोदय, सेक्शन्स 14, 14A, 14B और 14C के तहत बीमा कंपनियों को आधार, पैन, स्वास्थ्य विवरण और वित्तीय जानकारियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में संग्रहित करने का अधिकार दिया गया है । लेकिन इस कानून में न डेटा लोकलाइज़ेशन की बाध्यता है, न डेटा उल्लंघन पर स्पष्ट दंड की जिम्मेदारी, न विदेशी स्वामित्व की स्थिति में डेटा साझा करने पर रोक है ।

महोदय, एल.आई.सी. से संबंधित संशोधन किए गए हैं । एल.आई.सी. बिना सरकारी अनुमति के कार्यालय खोल सकती है । विदेशी शाखाओं के धन को भारत से बाहर रख सकती है । उसका संचालन निजी कंपनियों जैसा बनाया गया है ।

महोदय, सामाजिक दायित्व, ग्रामीण बीमा, गरीब वर्ग की प्राथमिकता को सुरक्षित नहीं किया गया है । एल.आई.सी. को निजीकरण की दिशा में ले जाने वाला यह कदम है । यह विधेयक बीमा सुरक्षा से अधिक निवेश सुविधा का कानून है और सार्वजनिक बीमा से अधिक कॉर्पोरेट बीमा को बढ़ावा देता है । इन्होंने इस विधेयक का नाम 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' नाम दिया है लेकिन मैं यह जरूर कह सकता हूं कि यह नाम कुछ कॉर्पोरेट की रक्षा और सरकार की रक्षा विधेयक है ।

महोदय, मैं सरकार और माननीय वित्त मंत्री महोदया जी से मांग करता हूं कि 100 प्रतिशत एफ.डी.आई. प्रावधान वापस लिया जाए, नीति-धारक सुरक्षा को कानून में मजबूत किया जाए, एल.आई.सी. के सार्वजनिक दायित्वों को वैधानिक संरक्षण दिया जाए और इस विधेयक को संसदीय समिति में भेजा जाए । धन्यवाद ।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, on behalf of Telugu Desam Party, I stand in support of the Sabka Bima Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill.

India?s insurance penetration is around 3.7 per cent of GDP whereas, globally, it is close to seven per cent. Before bringing this Bill, there are a few other changes that have been made by the hon. Finance Minister. In the last Budget, the hon. Finance Minister also announced the reduction of GST from 18 per cent to zero per cent on individual health insurance. This measure has been taken so that the majority of the population can access insurance schemes. Moreover, allowing 100 per cent FDI into the insurance sector is a step in the right direction, as it will expand access to these insurance schemes for more people.

However, I want to make two quick suggestions. First, the IRDAI, which governs and regulates the insurance companies, has been a little bit stringent. In a large country like India, with a large population, there are only about 70 to 72 insurance companies. About 16 per cent of the population have access to these companies, while the remaining 84 per cent of the population have access to approximately 15,000 companies worldwide. This means that the availability of insurance options in India is very low. Yes, the reduction in GST is a good thing, and bringing FDI will actually democratise the insurance policies. However, we should consider having more insurance companies in the country. Take the example of RBI. About 20 to 25 years ago, there were only a limited number of banks and insufficient penetration of credit. However, the RBI came forward and granted many licenses not only to banks but also to NBFCs so that more penetration of loans can happen, and we have seen the benefits of this approach. In that same direction, I request the Finance Ministry to consider issuing more licenses for insurance companies so that more people can access these services. Having only 70 companies for a population of almost 1.6 billion is too low. Even a small country like Sri Lanka has 50 insurance companies. So, I think, this regulation needs to be looked at so that more number of companies can come in.

Sir, my last suggestion is this. We have been seeing the PM Fasal Bima Yojana and also the health insurance schemes. While they are beneficial to a major extent, they are very broad in nature and need to be brought down to the farmgate level. Since

private companies are already doing this, the Government should also focus in the same direction. With these few suggestions, I support this Bill. Thank you very much.

श्री मलविंदर सिंह कंग **(**आनंदपुर साहिब**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे सबका बीमा, सबकी रक्षा बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं । जहां तक सबका बीमा सबकी रक्षा का सवाल है, हमारे देश का लोगों सबसे ज्यादा भरोसा एलआईसी पर है । किसी भी क्लास का आदमी हो, चाहे वह गरीब है, लोअर मिडल क्लास का है या मिडल क्लास है, हरेक इंसान एलआईसी पर भरोसा करता है । जिस तरीके से इस बिल के माध्यम से 100 परसेंट एफडीआई को लाया जा रहा है, 74 परसेंट एफडीआई ऑलरेडी थी । लेकिन अगर आप वर्ष 2014 से लेकर 2023 तक इन्श्योरेंस में पेनिट्रेशन देखेंगे तो बहुत ही मामूली वृद्धि हुई है, वर्ष 2014 में 3.3 थी जो तो अभी 3.7 हुई है । लेकिन आज भी सबसे ज्यादा लोगों का डर है, पेनिट्रेशन क्यों नहीं हो रही है, उसकी वजह प्रिमियम है, अगर प्राइवेट कंपनियों को इस तरीके से खुली छूट दे दी जाएगी । यहां राजीव राय जी ने सबसे गरीब आदमी की बात की है, वे तो प्राइवेट बैंक में भी जाने के लिए 100 बार सोचता है । पार्लियामेंट की सैलरी भी एलआईसी में जा रही है, इस तरीके से प्राइवेट कंपनियां इन्श्यारेंस सेक्टर में आएंगी तो मुझे नहीं लगता आम साधारण गरीब आदमी का कोई भला होगा, भला होगा तो निश्चित रूप से प्राइवेट कंपनियों का भला होगा, विदेशी कंपनियों का भला होगा ।

महोदय, मैं भारत सरकार को दो-तीन सुझाव देना चाहता हूं । मैं आपके माध्यम से आग्रह करूंगा कि इसमें दो-तीन चीजों का बड़ा वैक्यूम दिख रहा है । इसमें नो कम्पोजिट लाइसेंस, लाइसेंस को एक जगह नहीं रखा, उसे अलग-अलग रखा है । इससे लाइसेंस राज हो जाएगा । हैल्थ इंश्योरेंस के लिए अलग लाइसेंस, कार के लिए अलग, किसी अन्य चीज के लिए अलग लाइसेंस लेने की जरूरत होगी । लाइसेंस कम्पोजिट होना चाहिए । The Bill was expected to execute a composite licence, a long-pending demand. यह पुरानी मांग थी, जिसे इसमें कंसिडर नहीं किया गया । There is no reduction in capital norms for the new entrants. Similarly, they dropped proposals from the earlier draft. Then, there is no provision for capital insurance companies. The Bill is silent on allowing large corporates to set it up. बड़ी-बड़ी कम्पनियां चाहती हैं कि वह अपने आपको इंश्योर्ड भी अपने आप करें । उनके लिए क्या प्रोसेस रहेगा, वह भी मिसिंग है । मेरा सरकार से आग्रह है कि जिस एलआईसी पर हमें हमेशा से भरोसा रहा है, उसका कैसे सरलीकरण कैसे किया जाए, उसकी पैनीट्रेशन ज्यादा से ज्यादा सोसाइटी में हो और हमारा संविधान जिस सोशल जस्टिस की बात कहता है, तभी हम जस्टिस कर पाएंगे । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

SHRI HAMDULLAH SAYEED (LAKSHADWEEP): Thank you, Sir, for giving me an opportunity to speak on the Sabka Bima Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill. At the outset, I would like to thank my party, the Indian National Congress, for allowing me to speak on insurance.

This Bill would have great ramifications for the general public at large. Our insurance sector is regulated as per the Insurance Act of 1938. Post-Independence, the insurance sector was nationalised to protect the public interest, to enlarge the

coverage and also to mobilise household savings. The enactment of the Insurance Act, 1938, was with the objective of monopolising the insurance sector, and major public companies were merged under the General Insurance Corporation of India. The sole purpose was to protect the insurance sector from private and foreign participation, ensuring that the State has a central role in providing insurance to the public at large.

Post-liberalisation reforms in 1991 marked a significant turning point, leading to a substantial increase in FDI inflows. Then, after the Malhotra Committee's recommendation, the Insurance Regulatory and Development Authority of India Act, 1999, led to the opening of the insurance sector to private and foreign players in the year 2000 through joint ventures. So, in 2000, the cap for the insurance sector was 26 per cent, and in 2015, this cap was increased to 49 per cent. Again, in 2021, there was a significant increase in the private sector's share of premium, and it was enhanced to 74 per cent by removing the Indian ownership and control requirement. Now, there is a move to increase FDI to 100 per cent in the insurance sector.

I would like to draw your attention to the fact that there are many demerits of 100 per cent FDI in the insurance sector. Let me highlight a few of them. The loss of public control over a strategic financial sector, increasing FDI to 100 per cent, would allow complete foreign ownership and control over insurance operations in India, including decision-making for investment, pricing and risk selection. Then, there will be an increased risk of foreign dominance and capital outflows. It will lead to the dominance of foreign companies and hegemony over the market. Domestic investors may not have the financial strength, and this could also lead to a large share of premium income flowing out of the country through dividends and payments within multinational groups.

Sir, this is certainly going to adversely impact the domestic business. This would erode the insurance sector. Sections 6 and 6A, which provide a major safeguard, have been compromised. These sections lay down a statutory ceiling on shareholders, transfer of shares, ownership thresholds and voting rights. One hundred per cent FDI in the insurance sector would explicitly compromise on this aspect. Therefore, I oppose this Bill, which does not protect and promote the local businesses and entrepreneurs involved in the insurance sector.

Sir, I would like to draw your attention to the fact that up till 2014, in Lakshadweep, we had 100 per cent blanket cover of health insurance for our general population

at large. But that has been withdrawn. I want to understand from the Government where do we fit in the Sabka Bima and Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill. Therefore, I would urge the Government to re-examine this amendment and keep this Bill in abeyance. I would also request the Government not to give complete control of our insurance sector to foreign investors in order to protect our local market. Thank you, Sir.

डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) : सभापति जी, आपने मुझे सबका बीमा और सबकी रक्षा विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । मैं एलआईसी आफ इंडिया का ग्राहक हूं । वर्ष 2001 में मैंने बीमा कराया था । आज मुझे 18 लाख रुपये की राशि उस बीमा के माध्यम से मिल रही है । यह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण सेक्टर है । इसमें सुरक्षा भी है, गारंटी भी है और कांट्रेक्ट भी है तथा इससे ज्यादा भरोसा इसमें है । जनता का भरोसा होना अपने आप में बहुत बड़ी बात है । जब देश में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की बात नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं तो बीमा भी सबका होना चाहिए । जब अन्य देशों से तुलना करते हैं तो हमारे देश में बीमा का पेनेट्रेशन 4 परसेंट है, जो बहुत कम है । यह चिंता का विषय है लेकिन जब हम संविधान की प्रस्तावना के अनुसार सोशल, इकोनॉमिकल और पोलिटिकल जस्टिस की बात करते हैं तो मुझे लगता है कि यह सामाजिक और आर्थिक न्याय का बड़ा पक्ष होगा क्योंकि इसमें जो प्रावधान किए गए हैं, वे सभी महत्वपूर्ण हैं ।

महोदय, प्रस्तुत बिल बीमा अधिनियम, 1938 और आईआरडीए का एक्ट, 1999, एलआईसी का एक्ट, 1956 और साधारण बीमा (राष्ट्रीयकरण) एक्ट, 1972 को अमेंड करके जोड़ता है । यह बहुत महत्वपूर्ण प्रावधान है, जो आधुनिक आवश्यकता के अनुसार है । प्रोटेक्शन कैसे बढ़े और कैसे बीमा सेक्टर मजबूत हो, इसका वैश्विक स्तर पर ले जाने का प्रावधान यह बिल करता है । मैं इसका समर्थन करता हूं और मैं सभी से आग्रह करूंगा कि सर्वसम्मति से इसे पारित करें ।

महोदय, इसके उद्देश्य बहुत स्पष्ट हैं । इसका संचित निधि पर कोई प्रभार नहीं आएगा । यह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण बात है लेकिन इसका जो उद्देश्य है वह बीमा सेक्टर में वृद्धि करना, विकास करना है । जब देश आगे बढ़ रहा है तो बीमा सेक्टर भी आगे बढ़ना चाहिए । बीमा धारकों का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित करना इसका उद्देश्य है । बीमा सेक्टर में सबसे महत्वपूर्ण ग्राहक का हित है । बीमा कम्पनियां और एजेंट्स के हितों की रक्षा करने का इसमें प्रावधान है । बीमा को सुगम बनाने का भी इसमें प्रावधान है । पूरा सेक्टर ट्रांसपेरेंट हो और बहुत अच्छे से रेगुलेट हो । जब हम देखते हैं तो पाते हैं कि जीवन बीमा में पूरी दुनिया में हम 10 वें नम्बर पर हैं और गैर-जीवन बीमा में 15 वें नम्बर पर हैं । जब हम विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं तो हमारी अपनी पोजिशन भी बहुत तेजी से इस क्षेत्र में बढ़नी चाहिए, जो हमारे हित में है । नए जमाने के हिसाब से डिजिटल डेटा संरक्षण की भी इसमें बात है । प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की बात भी इसमें है । सरकार ने इस सेक्टर को आगे बढ़ाने की काफी पहल की है । किसानों के लिए इसमें पहल की गई है । जीएसटी में छूट देकर नौकरी करने वाले और मध्यम वर्ग के लोगों को राहत दी है लेकिन स्वास्थ्य बीमा जैसे प्रधान मंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत काफी काम करने की आवश्यकता है । इसमें आईआरडीए को ताकतवर बनाने की बात कही गई है कि यदि एफडीआई के माध्यम से विदेशी कम्पनियां काम करती हैं तो जो प्रीमियम कलेक्ट किया है उसकी इनवेस्टमेंट भारत में ही करने का प्रावधान है । यदि इसमें कोई इर्रेगुलेरिटी होती है तो पूरे पैटर्न को जांचने की ताकत आईआरडीए को दी जा रही है । एलआईसी के लिए यह खुशखबरी जैसा है कि यदि उसे जोनल आफिस खोलना है तो सरकार से परमिशन लेने की आवश्यकता नहीं है । इसमें ग्लोबल स्टैंडर्ड आ रहा है ।

महोदय, सबका साथ, सबका विकास का जो दौर चल रहा है उसमें सबका बीमा भी बहुत महत्वपूर्ण है । इससे सबकी रक्षा होगी । विपक्ष इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि जब सबका बीमा होगा तो बिहार जैसा परिणाम आएगा, वेस्ट बंगाल में आएगा, तमिलनाडु में आएगा । विपक्ष राजनीतिक कारणों से इस बिल पर टीका-टिप्पणी कर रहे हैं, नहीं तो सबका बीमा, सबकी रक्षा बहुत महत्वपूर्ण है । मैं इसका अभिनंदन करता हूं और आग्रह करता हूं कि इस बिल को पारित किया जाए । आपका बहुत-बहुत अभिनंदन, नमस्कार और जय हिंद ।

SHRI Y. S. AVINASH REDDY (KADAPA): Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the Sabka Bima Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill, 2025.

I hope the letter and spirit of this Bill not only confines to life insurance but also to health insurance and the agriculture crop insurance as well. I would like to mention some of the advantages of this Bill. This Bill opens a pathway for up to 100 per cent FDI in Indian insurance companies to be governed by conditions notified subsequently by the Finance Ministry. In a capital-intensive, scale-driven sector, this initiative can propel growth. India?s insurance coverage remains low by global standards, with life insurance penetration at around three per cent and general insurance close to only one per cent. This highlights deep gaps in access, awareness, and affordability, especially in rural and informal sectors. This Bill will definitely increase the coverage across the country.

One of the main challenges of this Bill is it does not address the claim-settlement ratio data being used as a misleading tactic by insurance companies. The insurance companies in our country boost their high claim-settlement ratio by approving small claims while often rejecting larger, genuine claims on technicalities, making the actual claim to settlement amount ratio much lower, which is where the real financial impact lies for consumers. Even the much-quoted 96.82 per cent claim-settlement ratio is misleading because a claim is counted as settled even when it is only partially approved. Families often receive just 60 per cent or 65 per cent of the insured amount after heavy deductions, yet such cases are proudly added to the settled column. This inflates the numbers without reflecting the real value paid to the policyholders.

Sir, on behalf of the YSR Congress Party, we support this Bill provided the Bill does not negatively impact insurance employees and has safeguards for jobs, rights, and service conditions of existing insurance employees. The Government of India must move towards universal basic health insurance by expanding Ayushman Bharat scheme to cover all citizens of the country. IRDAI must be strengthened into

a proactive SEBI-like regulator to effectively oversee foreign and domestic insurance companies.

Finally, insurance-related adjudication and dispute resolution mechanisms must be comprehensively reformed to ensure timely and fair justice. Thank you.

SHRI K. RADHAKRISHNAN (ALATHUR): Sir, I rise to strongly oppose the Sabka Bima Sabki Raksha (Amendment of Insurance Laws) Bill, 2025. *Sir, I am happy that you are in the Chair while there is a discussion on this Bill. I express my sincere gratitude for the same.*

18.39 hrs (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

While the title suggests universal protection, the matter of the Bill moves in the opposite direction. This Bill is away from social security and towards corporate-driven insurance expansion. This Bill proposes sweeping amendments to existing insurance laws under the pretext of improving penetration and efficiency. In reality, it facilitates greater privatisation, consolidation, foreign and private sector dominance in the insurance sector, and weakening the public character of insurance that has been built over decades in this country. Public sector insurers like LIC and General Insurance Companies have played a crucial role in social security, rural outreach, and nation-building. This Bill risks reducing them to mere market players competing on unequal terms. The Bill also dilutes regulatory oversight and parliamentary accountability, granting excessive powers to the Executive and regulators without adequate safeguards. There is no clarity on how mis-selling, claim rejections or exclusionary practices will be prevented, particularly when private players dominate.

Sir, most importantly, the slogan, ?Sabka Bima, Sabki Raksha? rings hollow when there is no legally enforceable right to insurance or guaranteed coverage for all citizens. Without strengthening public insurers and ensuring State responsibility, this Bill reduces social protection to a market transaction. Therefore, I urge the Government to withdraw this Bill. I submit a simple request to the hon. Finance Minister to withdraw the Bill. Then, we can discuss the matter further. I strongly oppose this Bill once again. This Bill may be withdrawn.

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): Sir, before making my observation on this Bill, I would like to make an appeal, that is, save LIC. If you throw this LIC to have a fight with the multinationals, it is very clear that it will go to doldrums. I hope that the Government will show that kindness to this prestigious

institution. Otherwise, LIC is facing a lot of illness such as portfolio losses, stock performance, corporate exposure, operational and strategic challenges and external campaign and perception.

We all know that LIC is navigating a mix of market volatility and internal difficulties like staff shortage. They are suffering with this kind of thing. If you are not coming forward for the rescue of LIC, we will be showing it in a bad light. Similarly, when we are talking about this, I would like to say that we must have precaution and preparedness. What is the position now? Public sector is weakening.

On the other side, private parties, not only on a small scale, but also on a big scale, on an international level, are coming to capture the entire market. In India, it is a problematic kind of thing.

